
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं, कहा – 'श्रद्धा और भक्ति का पावन उत्सव सुख, समृद्धि लेकर आए'

Publisher
Published on 27 Jun 2025



## भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा मे उंमड़े लाखों श्रद्धालु, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर देशवासियों को दी शुभकामनाएं, पुरी मे सुंरक्षा के कड़े इंतजाम।

**प्रधानमंत्री मोदी का संदेश : श्रद्धा और समृद्धि का पर्व**
**भगवान भगवान जगन्नाथ यात्रा :** जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन अवसर पर **प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी** हैं। **पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा:**

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_5scgVA.mp4
"भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन उत्सव हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, यही कामना है। जय जगन्नाथ!"

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ की झांकियों और श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है।

**पुरी मे जुंटे लाखों श्रद्धालु**
ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होने के लिए **देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु** पहुंचे हैं। रिपोर्ट के अनुसार,

गुरुवार शाम तक करीब **1 लाख श्रद्धालु पुरी** पहुंच चुके थे और शुक्रवार सुबह तक यह संख्या कई गुना बढ़ गई। आयोजकों को अनुमान है कि लाखों की संख्या में भक्त इस ऐतिहासिक यात्रा में भाग लेंगे।

**पुरी मे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**पुरी प्रशासन ने रथ यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की है।**

**ओडिशा के पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया** ने बताया कि:

१. **रथ यात्रा के लिए 10,000 से अधिक सुरक्षा बल तैनात किए गए है।**

२. **8 टुकड़ियां केद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भी पुरी मे मौजूद है।**

३. **एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केद्रं पहली बार रथ यात्रा पर निगरानी रखने के लिए स्थापित किया गया है।**

**एसजेटीए प्रमुख का बयान**

**श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया** कि,

"भगवान जगन्नाथ की कृपा से रथ यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी सेवादारों का समर्थन मिल रहा है और हम इस भव्य आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.